the year 1984-85, Production *ot* cement depends largely on availability of infrac-tructure inputs namely coal and power.

(b) No, Sir. Shortfall of despatches against allocations of levy cement has been only marginal namely, about 2 per cent.

(c) The production target refixeel after assessing the availability of infrastructural inputs like power and coai comes to 32.5 million tonnes of cement io the terminal year of the Sixth Five Year Plan. Every effort is being made to achieve this target.

दिल्ली में पुष्प विहार में बस टर्मिनल का निर्माण

1901. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में पुष्प विहार में बस टर्मिनल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्माण किए जाने की संभावना है ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जैड० आर० अंसारी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

भारतीय सीमेंट निगम द्वारा क्षमता का उपयोग

1902. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1983-84 के वर्ष के दौरान भारतीय सीमेंट निगम ने कितनी क्षमता का उपयोग किया ;

(ख) निगम के प्रत्येक कारखाने में हुए उत्पादन का त्रैमासिक ब्यौरा क्या है ;

(ग) कितने कारखानों ने लाभ कमाया और कितने कारखानों को हानि हुई तथा इस तरह हानि होने के क्या कारण हैं ; और

(घ) 1982-83 और 1983-84 के वर्षों के दौरान कितना-कितना लाभ हुआ और 1983-84 के दौरान लाभ की प्रतिशतता अचानक कम हो जाने के क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पट्टाभि रामा राव) : (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है ।

(ग) कारपोरेशन द्वारा अकलतरा को छोड़कर चलाई जा रही अन्य सभी इकाइयों को वर्ष 1983-84 के दौरान लाभ हुआ । अकलतरा कारखाने को हुई हानि के कारणों में मूल्यह्रास में वृद्धि, विद्युत की लागत, कोयले की घटिया किस्म के कारण कोयले की अधिक खपत, मजदूरी बिल एवं अन्य विशिष्टियों की लागत आदि शामिल हैं ।

(घ) सीमेंट कारपोरेशन ने वर्ष 1982-83 में 24.87 करोड़ रु० तथा 1983-84 के दौरान 7.41 करोड़ रु० (अनंतिम) का शुद्ध लाभ कमाया । कम लाभ होने के कारणों में (क) सापा-